राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 17 मार्च, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### आचार संहिता लागू होते ही हटा बैनर-पोस्टर

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर लगें बैनर-पोस्टर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही बीडीओ देवेंद्र कुमार और सीओ शशि रंजन कुमार द्वारा शनिवार को सभी को हटाया गया। वहीं आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सरकारी और गैर सरकारी विज्ञापन बैनर-पोस्टर को हटा दिया गया है।

### ट्रेन में यात्रा कर रही बच्ची ने निगला सिक्का

समस्तीपुर आरपीएफ की टीम की तत्परता से 7 वर्षीय एक छोटी बच्ची की जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को गाड़ी संख्या 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन से अपने माता-पिता के साथ यात्रा कर रही एक छोटी बच्ची ने एक सिक्का निगल लिया था। जिसके बाद समस्तीपुर रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार उसे ट्रेन के प्रस्थान के बाद बच्ची के परिजनों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका। वहीं ट्रेन को रुकता देख आरपीएफ की टीम चौकस हो गई। प्लेटफॉर्म ड्यूटी में तैनात आरक्षी संजय कुमार एवं आरक्षी विकाश कुमार द्वारा तत्परता पूर्वक गाड़ी को चेक किया गया तो पाया गया कि बी-1 में यात्रा कर रहे एक यात्री द्वारा एसीपी किया गया है। बोगी में जाकर देखने पाया गया कि एक यात्री को सामान एवं अपने परिजन बच्चें के साथ ट्रेन से उतर रहे हैं। पूछताछ में उनसे मामले के संबंध में जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ की टीम के द्वारा बच्ची को आनन-फानन में रेलवे अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां से बच्ची को इलाज के लिए दरभंगा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची खतरे से बाहर बताई गई है। इस नेक कार्य के लिए बच्ची के परिजन समेत अन्य यात्री आरपीएफ की टीम को धन्यवाद दे रहे थे। बता दें कि बीते दिनों आरपीएफ के एसआई पिंकी चौधरी की पुत्री के नाक में रबर घुस गया था। जिसका इलाज के एक निजी अस्पताल में त्वरित इलाज करवा कर जान बचाई गई थी।

### विभिन्न घटनाओं में आधे दर्जन लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर विभिन्न घटनाओं में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं बासुदेवपुर गांव में अज्ञात वाहन की ठोकर से जहां विकास कुमार दास गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं जीतवरिया गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी लोगों में जितवरिया गांव के अमिरकांत गिरी, विकास कुमार गिरी, शबनम कुमारी, शोभा देवी, शिवाकांत गिरी शामिल है। जख्मी लोगों को इलाज के लिए पीएससी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बीके ठाकुर ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद सभी जख्मी लोगों की स्थिति में सुधार होने की बात कही है। वहीं पुलिस ने बताया कि मामले की जांच उपरांत आगे कार्रवाई की जाएगी।

### उप मुखिया पर अविश्वास प्रस्ताव लाते हुए बैठक बुलाने की मांग

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत महम्मदपुर सकड़ा के उप मुखिया संजीत कुमार सिंह पर वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाते हुए विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी से विशेष बैठक बुलाने की मांग की है। बताया गया कि उप मुखिया पंचायत के विकास के कार्यों में अभिरुचि नहीं लेते हैं। विभिन्न कार्यों में मनमानी करते हैं एवं वार्ड सदस्यों का मान सम्मान नहीं करते हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर रामलाल पासवान, पूनम कुमारी, अजीत कुमार निराला, स्वीटी कुमारी, मोहम्मद ललन, पंकज कुमार साह, रेणु देवी, सरस्वती देवी हस्ताक्षर की है।

### अलग-अलग तीन मोटरसाइकिल चोरी की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग तीन जगह से हुई मोटरसाइकिल चोरी की अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। एक और जहां भूसवर बसौना निवासी अभय प्रकाश सिंह के पुत्र बंधु प्रकाश ने अपने ससुराल आलमपुर से काला रंग के स्प्लेंडर बाइक चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं दूसरी ओर बेलसंडी तारा वार्ड 03 निवासी अनुज कुमार ने दरवाजे पर से यामाहा बाइक चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं वीरसहिया निवासी चंद्रशेखर प्रसाद सिंह के पुत्र अवधेश कुमार दरवाजे पर से ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### पैक्स में ऋण वसूली एवं जमा वृद्धि हेतु लगाया गया शिविर

विभूतिपुर, समस्तीपुर। को-ऑपरेटिव बैंक, दौलतपुर शाखा द्वारा महमदपुर सकड़ा (विभूतिपुर) पैक्स में ऋण वसूली एवं जमा वृद्धि शिविर लगाया गया। शिविर में बैंक द्वारा चलाए जा रहे महा समझौता शिविर की भी जानकारी दी गई। जिसके माध्यम से एनपीए ऋणों पर ब्याज पर 90 प्रतिशत तक की छूट है। पैक्स अध्यक्ष की अध्यक्षता में पैक्स के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर शिविर में भाग लिया गया। लगभग 7 लाख की वसूली हुई। साथ ही बैंक कर्मी के द्वारा बैंक के माध्यम से पैक्स में चलाए जाने वाली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर पैक्स के कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायण सिंह, हरेराम मिश्र, विजय कुमार सिंह एवं बैंक कर्मी वरुण कुमार, गोपाल कुमार उपस्थित थे।

# सिविल सर्जन की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ें चिकित्सक : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। एईएस व चमकी बुखार को लेकर सतर्कता और अनुश्रवण कई स्तरों पर किया जा रहा है। अत्यधिक गर्मी की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य टीम ने प्रत्येक बच्चों पर नजर रखी है। शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में ए.ई.एस. कोर कमिटि के सदस्यों के साथ बैठक हुई। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्वास्थ्य प्रबंधन में किसी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता को क्षम्य नहीं माना है। उन्होंने कहा कि ए.ई.एस. या अत्यधिक बुखार की स्थिति में त्वरित रिस्पॉस के साथ इलाज प्रारंभ की जानी चाहिए। किसी स्तर पर भी देरी या लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सख्त निदेश देते हुए कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय चिकित्साकर्मी अनिवार्य रूप से मुख्यालय में ही आवासन रखें। सिविल सर्जन की अनुमति से ही मुख्यालय छोड़ें। रोस्टर के अनुसार चिकित्सक अपने डयूटी पर उपस्थित रहें। सिविल सर्जन इसकी मॉनेटरिंग करेंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक, पी.एच.सी. एवं सी.एच.सी. में जाकर दवाओं एवं अन्य तकनीकी सुविधाओं की जॉच और सत्यापन करेंगे। कन्ट्रोल रूम पूरी तरह से क्रियाशील होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कन्ट्रोल रूम में पंजी संधारित करें। उपस्थिति बनायें साथ ही ए.ई.एस. संबंधित सूचनाओं, जानकारी, दवा आदि रखें। सदर अस्पताल में कार्यरत ए.ई.एस. नियंत्रण कक्ष में टॉल फ्री नम्बर 18003456629, 0621-2266056, 0621-2266055 पर कोई भी व्यक्ति सम्पर्क कर इससे संबंधित जानकारी और समाधान तुरंत प्राप्त कर सकता है। संध्या चैपाल के माध्यम से भी जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। 16 मार्च से प्रत्येक शनिवार सभी पदाधिकारी अपने निर्धारित पंचायतों में जाकर वहां कार्यक्रम करेंगे। सभी 373 पंचायतों में पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है। इसके अतिरिक्त ए.ई.एस. के नोडल डॉक्टर सतीश कुमार ने बताया कि चिकित्सा कर्मियों और पदाधिकारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण दे दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को पी.एच.सी. में दवा की उपलब्धता को सत्यापन कराने का निदेश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, एस.के.एम.सी.एच. के डॉक्टर, ए.ई.एस. के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर सतीश कुमार, डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस. चॉदनी सिंह, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दिनेश कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक आदि उपस्थित थें।

# एल्बेंडाजोल की खुराक खाने के बाद बच्चे की हालत बिगड़ी

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका प्रखंड क्षेत्र के सौराठ स्थित मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच खिलाए जाने वाले एल्बेंडाजोल की खुराक खाने के बाद दर्जनो बच्चे की हालत बिगड़ी।हालत गंभीर देख विद्यालय के शिक्षक, ग्रमीणों के सहयोग से आनन फानन में बच्चे को रहिका पीएचसी लाया।जिसमें दो बच्चे नीतीश कुमार,(13) सुमन कुमारी (14)को बेहतर ईलाज के लिए डाक्टरों ने मधुबनी रेफर कर दिया गया। बताते चले कि रहिका पीएचसी में चिकित्सक अभिषेक ठाकुर,अब्दुल मालिक के देख रेख में सभी बच्चों को इलाज चल रहा है।ईलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि इलाजरत सभी बच्चे खतरे से बाहर है।चिकित्सकों ने बताया कि वैसे बच्चे जो शारीरिक रुप से कमजोर या कुछ स्वास्थ्य कारणों में कमी रहने के कारण दवा सेवन करने के बाद चक्कर आना, भोमेटिंग प्रवृत्ति होने लगता है।एक दुसरे को देख दुसरे तीसरे बच्चों के बीचयह लक्षण होने लगता है। उन्होंने बताया कि दवा खाने के बाद आराम की अति आवश्यकता होती है। दवा खाने के बाद आराम करने की जरूरत है।दिन में दवा खाने के बाद बच्चे खेल या दौड़ करने लगते है। इन्ही सब कारणों है।स्थानीय मुखिया पुत्र लालटून झा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम की देख रेख में बच्चों के बीच दवा की खुराक देनी चाहिए थी।विद्यालय प्रधानाध्यापिका सुनिता कुमारी ने बताया कि मध्याहन भोजन खिलाने के बाद बच्चों को दवा खिलाई गई।दवा खाने के बाद बच्चों के बीच इस प्रकार के लक्षण दिखने को मिले तो तुरंत हमलोग ग्रामीणों के सहयोग से रहिका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए और दो बच्चे को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल मधुबनी भेजा गया अन्य बच्चो का इलाज रहिका में चल रहा है।

# महायज्ञ को लेकर कन्या ने भव्य कलश यात्रा निकली

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के मदना गांव स्थित श्री श्री 108 राधा कृष्ण परनामी चूरामणि धाम मंदिर परिसर में शनिवार को सात दिवसीय श्री तारटीम सागर स्वसम वेद का 108 पाठ पारायण ज्ञान महायज्ञ एव संगीतमय श्रीमद भागवत श्रीकृष्ण कथा का आयोजन महायज्ञ के संचालक रणधीर दास जी महाराज के नेतृत्व में आयोजन किया गया है.इस महायज्ञ को लेकर 551 कन्याएं के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी. इस भव्य कलश शोभा यात्रा का उद्घाटन फिता काटकर मुख्य अतिथि प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा महायज्ञ के संचालक बाबा रणधीर दास महाराज जी संयोजक संत मुरली दास महाराज जी महायज्ञ के अध्यक्ष प्रो. सुभाष सिंह महंथ सुरेश चंद्र शास्त्री गुजरात राज्य डकोर के बाबा महेंद्र दास महाराज जी गोखुला परनामी मंदिर के महंथ मोहन दास महाराज जी सहित अन्य लोगो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.यह भव्य कलश शोभा यात्रा मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ सभी कलश यात्री अपने माथे पर कलश धारण करके जय कन्हैया लाल की नारे लगाते हुए मदना अकस पूरा ठाहर ईनरवा कंहौली लोहिया चौक होते हुए कंहौली तूरकाहा घाट स्थित पवित्र कमला नदी की जल बोझकर कर पुनः सभी कलश यात्री खजौली गांव की परिभ्रमण करते हुए सभी कलश को महायज्ञ स्थल पर लाया गया.महायज्ञ स्थल पर विद्वान पंडित एव साधु संतों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण करके सभी कलश को यज्ञसाला में स्थापित किया गया. वही कलश स्थापना तदउपरांत श्री 108 परायण श्री ब्रह्मज्ञान महायज्ञ की आहुति दी गयी.इस महायज्ञ के दौरान महायज्ञ संचालक रणधीर दास जी महाराज ने कहा कि 108 पारायण ज्ञान महायज्ञ 16 से 22 मार्च तक महायज्ञ की आहुति निरंतर चलती रहेगी. उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ में नेपाल पटना लखनऊ गुजरात गोखुला मध्यप्रदेश यूपी के परनामी समाज के विभिन्न स्थानों से परमहंस पीठो के संत महंथ गुरुजन धर्म पचारक एक संगीतकार भाग लेकर महायज्ञ की आहुति दी जा रही है.वही महायज्ञ कमिटी के अध्यक्ष प्रो. सुभाष सिंह ने कहा कि महायज्ञ के दौरान वृंदावन से आये रासलीला रात्रि में प्रतिदिन श्रद्धालु भक्त जनों के बीच रासलीला दिखाई जाएगी.उन्होंने कहा कि महायज्ञ में दूर दराज से आये श्रद्धालु भक्तजनों को ठहरने के लिए एव भोजन के लिए महायज्ञ संचालक द्वारा विशेष प्रबंध किया गया.महायज्ञ में श्रद्धालुओं के लिए भव्य बाजार लगाया गया है. जिसमे श्रद्धालुगण महायज्ञ में देवी देवताओं के दर्शन के अलाबे बाजार में अनेको प्रकार की समान की खरीददारी कर सकते है.मनोरंजन के लिए टावर झूला मौत की कुआं जमपुरी नाटक सहित भव्य सांस्कृतिक कर्यक्रम का आयोजन किया गया है.इस भव्य कलश शोभा यात्रा के मौके पर महायज्ञ कमिटी के अध्यक्ष प्रो. सुभाष सिंह,सचिव जय कृष्ण सिंह,संयोजक मुरली दास जी महाराज उप सचिव राम भरोस पांडेय चिकित्सा प्रभारी राम बाबू सिंह मेला प्रभारी चंदेश्वर सिंह राम कुमार सिंह विधा नंद पांडेय चलित्तर सिंह राम दुलार मंडल गुड्डू सिंह जितेंद्र सहनी भोला प्रसाद सिंह जगदीश सिंह,मुन्ना दास,ललन सिंह सहित मदना एव अकसपूरा गांव के समस्त ग्रामीण श्रद्धालु भक्त जनों शामिल थे।

# प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के लिए सीओ ने जीविका दीदियों के साथ किया मतदाता जागरूक




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड क्षेत्र के कमलपुर गांव में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में आम मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में स्वीप कोषांग के तत्वाधान में रहिका प्रखंड में लगातार प्रचार,प्रसार कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। युवा मतदाता दिव्यांग मतदाता महिला मतदाता एवं अन्य मतदाताओं को जागरूक करने के मद्देनजर विभिन्न विभागों के द्वारा परस्पर समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। सीओ अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आईसीडीएस के सेविका सेविकाओं के द्वारा जीविका के दीदियों के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।विशेष कर पिछले चुनाव में वैसे मतदान केंद्र जहां मतदान प्रतिशत कम रहा है, उसे फोकस करते हुए जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में बैनर पोस्टर नुक्कड़ नाटक मतदाता जागरूकता रथ इत्यादि के द्वारा सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा।

# बंद घर का ताला तोड़कर 30 लाख से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य सामानों की चोरी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 18 जितवारपुर स्थित एक बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा 30 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सोने चांदी के जेवरात सहित अन्य सामानों की चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में पीड़ित गृह स्वामी के द्वारा मुफ्फसिल थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध उचित कार्रवाई कर चोरी का सामान बरामद करने की गुहार लगाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार रिटायर्ड शिक्षक मास्टर नसीम अशरफ अपनी पत्नी के इलाज के लिए पटना में हैं और उनके परिजन भी उन्हीं के साथ वहीं थे। घर पर किसी के नहीं होने के कारण घर के सभी गेट-दरवाजों पर ताला लगाकर वे लोग पटना गए हुए थे। शुक्रवार को किसी काम से उनका पुत्र घर आया तो उन्होंने देखा कि गेट पर ताला लगा हुआ था लेकिन घर के सभी दरवाजों पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ था और सभी दरवाजे खुले हुए थे। इसकी जानकारी उन्होंने आस-पास के लोगों को दी और जब सभी लोगों ने देखा कि घर में रखा हुआ सभी सोने-चांदी का जेवर व अन्य सामान अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद का बताना है कि प्राप्त आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बदमाशों ने सेवानिवृत शिक्षक की बाइक की डिक्की से उड़ाए डेढ़ लाख

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोर-उचक्कों पर लगाम लगाने में नगर थाना पुलिस पूरी तरह से विफल होती दिखाई दे रही है। कुछ दिनों पूर्व जहां बदमाशों ने टाउन हॉल के पास एक कर से 12 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वहीं एक दिन पूर्व नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शिक्षिका से सोने की चेन की छिनतई की घटना कर सनसनी फैला दी थी। वहीं शनिवार को बदमाशों ने एक सेवानिवृत शिक्षक की बाइक की डिक्की तोड़कर डेढ़ लाख रुपए उड़ा लिए। मिली जानकारी के अनुसार उजियारपुर थाना क्षेत्र के सातनपुर वार्ड नंबर छह के स्व. आदिल अहमद के पुत्र अरशद अहमद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नक्कू स्थान के पास स्थित पीएनबी बैंक ब्रांच से डेढ़ लाख रुपए निकालकर ताजपुर रोड स्थित एक मीट शॉप के पास एक दुकान पर गए थे। इसी दौरान बदमाशों ने उनकी बाइक की डिक्की को तोड़कर उसमें रखे डेढ़ लाख रुपए निकाल लिया और फरार हो गए। दुकान से वापस आने के बाद जब उन्होंने अपनी बाइक की टूटी डिक्की देखा तो उन्हें घटना के बारे में पता चला। वहीं इस सम्बन्ध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले के सम्बन्ध में आवेदन मिलने के बाद विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय सतर्कता और अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की वर्ष की प्रथम त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को समाहरणालय सभागार मे आयोजित की गई। साथ ही मैनुअल स्केवेंजर अधिनियम अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक की गयी। गत बैठक के बाद अत्याचार अधिनियम अन्तर्गत कुल 102 मामलों में 101 की स्वीकृति प्रदान की गयी और सभी 101 मामलों में मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया।इसके साथ ही 38पेंशनरों को भी फरवरी 24 तक पेंशन का भुगतान किया गया।375 मामले में आरोप पत्र अप्राप्त रहने के कारण लंबित है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी लंबित मामलों में शीघ्र आरोप पत्र जिला कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया गया। विशेष लोक अभियोजक से संगीन अपराधों में स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलवानें हेतु निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सदस्यों से इस अधिनियम के प्रावधानों से लोगों को जागरूक करने की बात कही गई तथा यह अपेक्षा की गयी कि सभी संबंधित पदाधिकारीगण संजीदगी से अधिनियम के प्रावधान अन्तर्गत लोगों को लाभ पहुँचाए। मैनुअल स्केवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम अन्तर्गत सीवेज मृत्यु, सीवेज कर्मी की अपंगता/विकलांगता की स्थिति में लोगों से जागरूक करने हेतु आह्वान किया गया तथा मुआवजा भुगतान हेतु पदाधिकारियों को निदेश दिया गया।

# विधायक शाहीन ने क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कर देश की मानस पर समस्तीपुर को किया स्थापित : राकेश ठाकुर

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन का जनसंपर्क के साथ साथ विकास योजनाओं के उद्घाटन का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। उन्होंने समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण कार्य विभाग से लगभग 2.25 करोड़ की लागत से निर्मित तीन सड़कों का उद्घाटन नारियल फोड़कर व फीता काट कर किया। इन सड़कों की कुल लम्बाई लगभग 4.7 किमी है। जिसमें प्रमुख रूप से बाजितपुर पंचायत में शर्मा ढाला से मधुरापुर घाट तक दो किमी, सिंघिया खुर्द पंचायत में सिंघिया चौक मुख्य सड़क से पोखरैरा मदनपुर तक 1.7 किमी तथा हकीमाबाद पंचायत में खराज से मठ जाने वाली एक किमी लम्बी सड़कें शामिल हैं। उद्घाटन समारोहों की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, संचालन पूर्व मुखिया चन्दन कुमार राय तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला राजद महासचिव रामकुमार राय ने किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विकास कार्यो पर खुशी जताते हुए ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर विधायक काागत एवं आभार जताया। विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर सबसे अग्रणी रखना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। उनके प्रयास क्षेत्र चौमुखी विकास की ओर अनवरत बढ़ रहा है। समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास विगत 13 वर्षों के अंदर तीव्र गति से हुआ है। आज समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास माडल की चर्चा सूबे बिहार में हो रही है। अपने सम्बोधन के क्रम में जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कर देश की मानस पर समस्तीपुर को स्थापित किया है, इसलिए 2025 में एक बार फिर से क्षेत्र की जनता विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के साथ चलने के लिए तैयार है। मौके पर पूर्व मुखिया रामप्रसाद राय, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, जिला राजद महासचिव रामकुमार राय, पूर्व मुखिया चन्दन कुमार राय, पूर्व मुखिया मुकेश कुमार राय, पूर्व मुखिया रूना कुमारी, उप मुखिया भागीरथ सिंह, पूर्व उप मुखिया संजीत राय, राजद दलित सेल से प्रदेश सचिव रामविनोद पासवान, सरपंच जोखन पासवान, रितेश कुमार पिंकू, संतोष कुमार, जितेन्द्र प्रसाद जित्तू, अट्टा यादव, आर्यन यादव, सूरज यादव, लखिंदर पासवान, बिट्टू रजक, धर्मेन्द्र पासवान, विपीन कुमार राय, विद्यापति राय, अजय राम, मो. सफदर, मो. आजाद, नंदन पासवान, अब्दुल खालिक, महफूज आलम सोनू, दीपक यादव, मो. माफो, मुकुल कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक ने कई योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर विधायक अजय कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को एक साथ लगभग 75 लख रुपए की लागत से कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। जिसमें विभूतिपुर पुर पंचायत के वार्ड 3 में पीसीसी सड़क व सुरौली पंचायत के दामोदरपुर में पीसीसी सड़क का शिलान्यास, दलसिंहसराय अजनोल वार्ड 10 महादलित टोला में सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार का उद्घाटन, सिंघिया बुजुर्ग उत्तर में चबूतरा निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। वहीं सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण स्थित रामचंद्र शरण आजाद पुस्तकालय में लड्डू लाल एवं विभूतिपुर पूरब पंचायत वार्ड 3 में विजय कुमार की अध्यक्षता में एक सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र विकास के लिए जर्जर सड़क सहित नवसृजित विद्यालय के लिए भवन एवं हॉस्पिटल निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। मौके पर सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के मुखिया ममता कुमारी, सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य रामदेव राय, सिया प्रसाद यादव, विजय कुमार, पिक्कु कुमार, श्याम किशोर कमल, मिथलेश सिंह, बबलू कुमार, श्याम बाबू, संजय पासवान, नटवर सिंह, शंकर शर्मा आदि मौजूद थे।

# हरिबोल तालाब सह पार्क के एक कोने में ओपन जिम की शुरूआत हुई



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा शहर का चर्चित हरिबोल तालाब सह पार्क के एक कोने में ओपन जिम (व्यायामशाला) की शुरूआत हुई शनिवार को। वार्ड नं 21 के पार्षद नवीन सिन्हा ने पुरुषों हेतु यह जिम आमजनों को सुपुर्द किया। इस अवसर पर वार्ड 21 के निवासी सचिन राम (सिनेट सदस्य, ल० ना० मि० विश्विद्यालय) पवन सुरेका (पूर्व अध्यक्ष, प्रमंडलीय वाणिज्यिक उद्योग परिषद) मौलाना नजीर अहमद उस्मानी (इमाम, शाही मस्जिद) तथा पूर्व पार्षद मधुबाला सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति में काफी संख्या में वार्ड 21 एवं आस पास के लोग भी उपस्थित थे। सनद रहे कि हरिबोल तालाब के एक ओर बच्चों का पार्क है, तो दूसरी ओर महिला जिम है, जो बिहार का अकेला सरकारी महिला जिम है। इसकी शुरूआत 2022 में अपने कार्यकाल के आखरी दिन तत्कालीन पार्षद मधुबाला सिन्हा ने आमजन हेतु किया था। पार्क के एक छोड़ पर सुलभ जल परियोजना है, जिसकी शुरूआत वर्ष 2017 में सुलभ के संस्थापक डॉ बिंदेश्वर पाठक द्वारा की गई थी। तालाब के एक बचे शेष भाग में आज पुरुषों हेतु ओपन जिम की शुरूआत हुई। अब हरिबोल तालाब सह पार्क में बच्चों, महिलाओं, युवाओं , बुजुर्गो हेतु सभी के लिए मॉर्निंग वॉकिंग से लेकर, वर्जिश, खेलने इत्यादि की अलग अलग सुविधा हो गयी है। इसके साथ ही वार्ड 21 में इंडिकेटर साइनेज की स्थापना भी की गई। वार्ड के 11 चौक चौराहों पर 22 अत्याधुनिक साइनेज लगाया जाना है, जिसमे रास्तों, जगहों को दशार्या गया है तथा यातायात सुरक्षा एवं सफाई संबंधित स्लोगन भी अंकित किया गया है। जिम शुरूआत के अवसर पर पार्षद नवीन सिन्हा ने कहा कि उनके सत्र की यह पहली योजना है। यह युवाओं, बुजुर्गों को समर्पित है। सिनेट सदस्य सचिन राम ने कहा कि वार्ड 21 का हर काम आद्वितीय और जनहित का होता है। चैंबर के कौरव अध्यक्ष पवन सुरेका ने कहा कि वार्ड 21 की सफाई व्यवस्था तो अदुभुत है ही। हर वर्ग के लोगों की सोच, चिंता यहॉ की जाती है। यह गर्व की बात है हमलोगों के लिए। इमाम नजीर अहमद उस्मानी ने कहा कि हर लोगों की सुविधा का ध्यान हमारे पार्षद रखते हैं। पूर्व पार्षद मधुबाला सिन्हा ने कहा कि जब वर्ष 2022 में महिला जिम की शुरूआत हुई थी, तभी से युवा इस जिम की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं हेतु निःशुल्क पिंक टॉयलेट समर्पण का सौभाग्य भी हमलोगों को मिला। उदघाटन के अवसर पर मो उमर, राजकुमार नायक, मेहराज, मन्नू राम, प्रताप, अशोक श्रीवास्तव, देवेन्द्र महतो, रुस्तम, सत्यनारायण महतो, सुनील महतो इत्यादि मौजूद थे।

# मंत्रीमंडल में शामिल किए सभी मंत्रियों व उनके विभागों के बंटवारे पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने दी बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय बिहार सरकार के मंत्रीमंडल में शामिल किए सभी मंत्रियों व उनके विभागों के बंटवारे पर किसान मोर्चा के दरभंगा जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह ने बधाई दी है। संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ण ने कहा कि इस बार मंत्रीमंडल में शामिल किए सभी मंत्रीगण योग्य एवं अनुभवी हैं और पूरी बिहार की जनता को इनसे काफी उम्मीदें हैं। संजय सिंह पप्पू सिंह ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी को खास तौर से मिथिला क्षेत्र को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया है। हम आपको बता दें कि मिथिला क्षेत्र से नीतीश मिश्र को उद्योग पर्यटन, हरी सहनी को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, नीरज कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, मदन सहनी को समाज कल्याण, शीला कुमारी को परिवहन विभाग का मंत्री बनाया गया है। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि मिथिला क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को हमारे मंत्रीगण भली भांति समझते हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि पूर्ण निष्ठा के संग वे समस्याओं का समाधान निकालने के लिए तत्पर रहेंगे। संजय सिंह पप्पू सिंह ने ये भी कहा कि मिथिला क्षेत्र के सभी मंत्रियों को मंत्रीमंडल में स्थान मिलने से संपूर्ण मिथिला में जोश व उत्साह का संचार हो गया है। आने वाले दिनों में मैं व्यक्तिगत स्तर पर भी नए मंत्रियों से मुलाकात करके अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराउंगा।

# अब इलाज के मामले में दिल्ली से दरभंगा कम नही

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा दिल्ली की हाईटेक अस्पताल में जो बीमारी को ठीक नहीं कर पाए वह इलाज दरभंगा के एक निजी अस्पताल ने साबित कर दिया है की अगर मरीज धैर्य और संयम से इलाज करवाये तो असाध्य से असाध्य रोग का मरीज ठीक हो सकत है। यही एक मामला दरभंगा में देखने को मिली जो दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा प्रखंड के केलिगांव निवासी रंजीत झा के 22 वर्षीय पुत्र अमित कुमार झा को फेफड़ों में मल्टी ड्रगस रेसिटेन्स ट्यूबर क्लोसिस नामक बीमारी से 3 साल से ग्रसित था जो काफी उसकी स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही थी। जिसका इलाज दरभंगा के मेडिसिन विभाग कई डॉक्टर से इलाज करवाया परन्तु ठीक नहीं हो पाए अन्त में परिजनों के द्वारा दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज करवाने ले जाया गया जहां काफी खर्च करने के बाद भी वहां उसकी स्थिति में कोई सुधार नही हुआऔर उसकी हालत मरणासन हो गयी वह अन्त में निराशाजनक हालत में दरभंगाआ गया जहाँ कुछ दिनो के बाद बुरी तरह से बिछावन पकड़ लिया और चलना फिरना बन्द हो गया जहाँ इलाज के दरभंगा जिला के लहेरियासराय के बेता अयाची नगर स्थित गोदावरी जीवछ मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर लाया गया जहाँ डॉक्टर के द्वारा इलाज करना शुरू कर दिया गया परन्तु मरीज अभी स्वस्थ होकर चलना फिरना शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में खुशी जाहिर करते हुए अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर रविंद्र कुमार ने पत्रकारों को बताया की 3 साल से अमित कुमार झा पेट टीवी से ग्रसित थे दरभंगा के कई बड़े-बड़े चिकित्सक के अलाबे दिल्ली के राम मनोहर अस्पताल में इलाज के गए जहां से पुनः दरभंगा लौट आए और जीवछ गोदावरी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में इलाज के लिए लाया गया जहां जांच की गई तो फोर्थ स्टेज में टीवी पाया गया जिसकी इलाज 3 महीने से मेरे अस्पताल में किया जा रहे हैं जिसमें काफी सुधार हो रही है अब जो मरीज पूर्व में मरना चाहते थे अब खुशी जिंदा रहना चाहते हैं

## संक्षिप्त खबरें

### तीन शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के जमालपुर ढ़ाला के समीप शराब के नशे में धुत हंगामा कर रहे तीन पियक्कड़ को हिरासत में लिया गया है। वही मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि हिरासत में लिये पियक्कड़ में नारायणपुर बलाहा के विक्रम कुमार, जितेन्द्र कुमार व सोनू कुमार शामिल हैं। वही पुलिस पदाधिकारी द्वारा हिरासत में लिये गये सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कर स्थानीय बिहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एक वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संग्रामपुर (मुंगेर)। बुधवार की रात संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कोराजी गांव में छापेमारी कर एक पुराने मामले में फरार चल रहे हैं वारंटी को संग्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार की सुबह न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटी कोराजी गांव निवासी मोहम्मद नियाजुल हैं। थाना अध्यक्ष रूबिकांत कच्छप ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर न्यायालय से वारंट निर्गत था। और वारंट निर्गत होने के बाद अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर न्याययिक हिरासत में भेजा गया है।

### ई रिक्शा के पलटने से यात्री जख्मी

बरियारपुर(मुंगेर) बरियारपुर-सुलतानगंज राष्ट्रीय राज मार्ग 80 पर कुमार पुर गांव के समीप ईरिक्सा पलटने से एक यात्री के घायल होने का समाचार प्राप्त हुआ है। घायल यात्रियों को ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह पथ का जर्जर हालत होने के कारण आये दिन दुर्घटना के रुप में देखी जा रही है। यहां सप्ताह मे लगभग दो-तीन दिन में यह हालात देखने को मिल ही जाता हैं। जिला प्रशासन निंद मे सोये रहती हैं।

### थाना प्रांगण में भूमि विवाद निष्पादन हेतु जनता दरबार आयोजित

बरियारपुर(मुंगेर)। बरियारपुर थाना प्रांगण मे भूमि विवादों के निष्पादन के लिये जनता दरबार का आयोजन किया गया। पूर्व से चली आ रही चार विवादों से तीन निष्पादन कर लिया गया है। शेष एक विवादों के एक पक्ष के नहीं आने के कारण सुनवाई स्थगित रही। नये तीन विवाद जनता दरबार में सुनवाई के लिए लाया गया। अगले तिथि के लिये चार विवादों का सुनवाई होना है।

### 25 लीटर देसी शराब बरामद, शराब कारोबारी मौके से भागने में रहा सफल

सदर मुंगेर। हेमजापुर पुलिस की संध्या गश्ती दल ने शुक्रवार को मिली गुप्त सूचना के जानकारी पर छर्रा पट्टी शिवकुड जाने वाली ग्रामीण सड़क के किनारे बने मवेशी बथान पर छापा मारा। जहां से 25 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया है। थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि संध्या गस्ती दल ने गुप्त सूचना पर पट्टी जाने वाली सड़क के किनारे बने मवेशी के घर पर छापा मारा। जहां शराब तस्कर पुलिस बल को देखकर भागने में सफल हो गया। परंतु बथान पर से छोड़े गए 25 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। उन्होंने आगे बताया कि भगोड़े शराब विक्रेता की पहचान कर ली गई है। शीघ्र ही फरार शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### गैस सिलेंडर में लगी आग से घर का सभी सामान जलकर राख

संग्रामपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मकनपुर श्रीपुर गांव के जोगिंदर मंडल के घर में गैस सिलेंडर लीक होने से घर में आग लग गयी। गैस सिलेंडर लीक होने के बाद लगी आग से गैस सिलेंडर फट गया। इसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण ने आग पर काबू पाया। लेकिन किचन का रखा सारा समान जलकर राख हो गया। सीओ निशीथ नंदन ने बताया कि घटना की खबर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों की सूझबूझ से आग को काबू पाया गया। सीओ ने बताया की गैस लीक होने कारण आग लगा और कीचन में रखा सभी समान जल गया उन्होने कहा की अंचल से जो भी मदद होगा पीड़ित परिवार को दिया जायेगा। घटना स्थल पर जांच के दौरान सीओ के साथ बीडीओ अजेश कुमार भी मौजूद थे।

# निर्वाचन को लेकर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई संपन्न: एडीएम

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला समीक्षा भवन प्रांगण में अपर समाहर्ता अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ जिला स्थाई समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में आदर्श आचार संहिता कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने बताया कि प्रेस नोट जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगा। इसके उपरांत बिना अनुमति के कोई भी चुनावी सभा, रैली, रोड शो आयोजित नहीं की जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग के लिए भी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। ध्वनि विस्तारित यंत्र का प्रयोग कब और कहां और किस प्रयोजन में किया जाएगा इसका उल्लेख करना आवश्यक होगा, साथ ही किसी के निजी संपत्ति पर बैनर, पोस्टर या झंडा लगाने के लिए संबंधित संपत्ति के स्वामी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। वाहन पर झंडा 1 '0.5' आकार का अनुमान्य है। झंडे की लंबाई 3 फीट से अधिक नहीं होगी। रैली के लिए 6फिट ७ 4 फिट आकर का ही अनुमान्य है। प्रेस नोट जारी होने के उपरांत आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगा। इसके बाद राजनीतिक दलों को सभा, रैली, रोड शो,वाहन, अस्थाई निर्वाचन कार्यालय, लाउडस्पीकर, हेलीकॉप्टर और हेलीपैड के लिए अनुमति की आवश्यकता होती है। सिंगल विंडो सिस्टम सुविधा, 24 घंटे के अंदर अनुमोदन की सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए 36 घंटे के अंदर आवेदक को अनुमति संसूचित करने के प्रावधान है। विहित प्रपत्र में आवेदन अनिवार्य है, स्थल का अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य है, विहित प्रपत्र में अनुमानित व्यय विवरणी अनिवार्य है, थानाध्यक्ष का अनापति प्रमाण पत्र, अंचलाधिकारी का अनापति प्रमाण पत्र, वीडियो वैन की अनुमति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की होनी चाहिए। रोड शो में अधिकतम 10 वाहनों का काफिला और उनके बीच 100 मीटर की दूरी बरकरार रखनी होगी। रोड शो में वाहन पर कोई बैनर प्रयुक्त नहीं हो सकता है और अस्थाई कार्यालय पर अधिकतम 4 गुना 8 फीट का बैनर हो सकता है। जुलूस में 6 गुना 4 फीट का हैंड हेल्ड बैनर का प्रयोग किया जा सकता है। मतदान केंद्र के 2 सौ मीटर की परिधि में किसी पार्टी का अस्थाई व स्थाई कार्यालय नहीं होना चाहिए।

### 16 छात्रों का सैनिक स्कूल में हुआ चयन

नवगछिया (भागलपुर)। गोपालपुर प्रखंड के मकन्दपुर स्थित आवासीय सह दिवसीय ज्ञान वाटिका विद्यालय के 16 छात्रों ने आल इंडिया सैनिक स्कूल, 2024-25 में सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय प्रधान सह प्रबंधक राजेश कुमार झा ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में 33 पुराने और 42 नये सैनिक स्कूल हैं, जिसमें नामांकन दाखिल को लेकर विगत 28 जनवरी, 2024 को चयन प्रक्रिया हेतू आयोजित परीक्षा में विद्यालय से 18 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें 16 छात्रों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। जहां जल्द ही सभी चयनित छात्रों की कांउनसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। चयनित छात्र पुनः मेडिकल और साक्षात्कार से गुजरने के बाद मेरिट लिस्ट आधार पर विभिन्न चयनित सैनिक स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगा। इस दौरान पूरे विद्यालय परिवार ने सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वही उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी इस विद्यालय से 19 छात्रों का चयन सैनिक स्कूल में हुआ था। जो काफी हर्ष का दिन रहा है।

# पहले जुमे की नमाज अदा करने उमड़ी नमाजी की भीड

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। अनुमंडल क्षेत्र के सभी जामा मस्जिदों में विगत शुक्रवार को माह ए रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। नवगछिया के नवादा, मिलटोला, मक्खातकिया, मुमताज मोहल्ला, रँगरा, गोपालपुर, खरीक, नारायणपुर के मस्जिदों में मौलाना के नेतृत्व में नमाज अदा की। वही बिहपुर प्रखंड स्थित जामा मस्जिद में इमाम हजरत मौलाना अबूसालेह फरीदी के नेतृत्व में लोगों ने नमाज अदा की इस दौरान प्रखंड के मिल्की, झंडापुर, जमालपुर, बभनगामा, गौरीपुर, औलियाबाद, नन्हकार, सहोड़ी, लत्तीपुर, मिराचक, हिरदीचक के मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई थी। वही बिहपुर के खानका ए आलिया फरीदिया मोहब्बतिया के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खान फरीदी व नयाब सज्जादानशीन हजरत मौलाना अली शब्बर खान फरीदी ने बताया कि माह ए रमजान के जुमे की हर घड़ी दस हजार जहन्नमी को जहन्नम से निजात मिलती है।

# चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द हो प्रारंभ: कर्मी

- अपनी नियुक्ति को लेकर कर्मी लगातार कार्यालय का काट रहे चक्कर

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द प्रारंभ किये जाने की मांग को लेकर कर्मी लगातार जिलाधिकारी कार्यालय का चक्कर काट रहे है। वही मामले को लेकर चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी एक जुट होकर जिलाधिकारी कार्यालय प्रांगण में पहुंचकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी से मुलाकात को लेकर जमा थे, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं होने पर सभी कर्मचारी उदास होकर वापस लौट गए थे। वही एक जुट हुए कर्मचारियों ने कहा कि हम लोगों के साथ विभाग लगातार टालमटोल की रवैया अपना रही है। इस बात से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए आक्रोशित हुए कर्मचारियों ने कहा कि अगर हम लोगों की मांगे जल्द नहीं मानी गई तो हम लोग आगामी 20 मार्च को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे ।

# पटना हाईकोर्ट के प्रणय राय बने उप प्रशाखा पदाधिकारी



- प्रणय उर्फ प्रिंस के सफलता से पूरे गांव इलाके में बना है हर्ष का माहौल

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। अनुमंडल परिक्षेत्र अंतर्गत बिहपुर प्रखंड के मरवा पूरब पंचायत के वार्ड संख्या 1 औलियाबाद गांव के ग्रामीण संजीव कुमार राय उर्फ पिंटू राय के पुत्र प्रणय कुमार राय उर्फ प्रिंस कुमार का पटना उच्च न्यायालय के असिस्टेंट रिक्रूटमेंट परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण कर उप प्रशाखा पदाधिकारी (एएसओ) पद पर नियुक्त किया गया है। इस सफलता को लेकर परिजनों समेत पूरे क्षेत्र इलाके में काफी खुशी का माहौल बना हुआ है। प्रिंस ने अपनी दृढ़ संकल्प के साथ घर परिवार के साथ साथ क्षेत्र का नाम रौशन किया हैं। कम्पिडिशन के जारी सफल अभ्यर्थियों की सूची में प्रिंस का रैंक 280 रहा था। उनके इस सफलता को लेकर घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वही प्रिंस की सफलता से पूरे गांव इलाके में उत्सवी माहौल बना हुआ है। वही क्षेत्र के सरपंच प्रतिनिधि राजीव चौधरी उर्फ मांगो, अक्ली चौधरी, विजय चौधरी, राजकुमार चौधरी आदि लोगों ने प्रणय उर्फ प्रिंस कुमार का मिठाई खिलाते हुए माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। बता दें कि प्रणय कुमार राय उर्फ प्रिंस पटना हाईकोर्ट में उप प्रशाखा पदाधिकारी पद पर चयनित हुआ हैं। वे हाईकोर्ट में एक शाखा के अधिकारी का उत्तरदायित्व का निर्वहन करेंगे। प्रणय राय के पिता संजीव कुमार राय उर्फ पिंटू राय एक कृषक हैं तो वहीं माता अनीता देवी एक गृहणी हैं। प्रणय का छोटा भाई निशांत राय कोलकाता में शॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वही प्रणय की प्रारंभिक शिक्षा भागलपुर नवयुग विद्यालय से 10वी की परीक्षा पास की थी। जिसके बाद गणपत राय सलरपुड़िया विद्या मंदिर भागलपुर से 12वी तथा एमईटी यूनिवर्सिटी नोएडा से वर्ष 2017-2018 में ग्रेजुएशन उत्तीर्ण कर दिल्ली यूनिवर्सिटी से एलएलबी कर रहे थे। एलएलबी के प्रथम वर्ष छोड़कर बीपीएससी, कंपीटिशन व अन्य तैयारियां शुरू की थी। वही प्रणय द्वारा अपने इस सफलता का श्रेय स्वर्गवासी दादाजी उमेश चंद्र राय को बताया हैं। स्व. उमेश चंद्र राय बेसिक प्राइमिरी स्कूल कल्याणपुर पूर्णिया में शिक्षक थे। प्रणय ने युवाओं को संदेश देकर कहा कि मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। आप कठिन मेहनत, धैर्य व साहस को अपनाकर ऊंचे से ऊंचे मुकाम को भी पा सकते हैं।

# हौसला अफजाई को लेकर सोसायटी द्वारा किया जायेगा सम्मानित: डॉ. अजय

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिले भर में आम लोगों के जीवर रक्षा को लेकर सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों व हृदय घात से पीड़ितों की मदद करने व उनकी जान बचाने के दिशा में उन्हें अस्पताल पहुंचाने संबंधित कई उद्देश्य को लेकर जीवन जागृति सोसायटी के अध्यक्ष सह संस्थापक डॉ. अजय कुमार सिंह ने सार्थक पहल शुरू की है। इसी कड़ी में आम लोगों की जीवन रक्षा पर लगातार लोगों के बीच कई तरह के योजनाबद्ध तरीके से लोगों को प्रेरित करने पर जोड़ दिया है। जबकि संस्था ने विशेष कर सड़क दुर्घटना में घायलों को मदद करने की दिशा में क्षेत्र के कई इलाकों में जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया है। पर इसी कड़ी में रेड क्रॉस रोड स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक के क्रम में अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने कहा है कि लाखों वाहन चालक के साथ कई व्यक्तियों के जीवन को सुरक्षित रखते हुए हमें और हमारे सगे संबंधी को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाते हैं, वही एक जगह से दूसरे जगह जाना भी जीवन रक्षा का अंग है और इसका निर्वाहन चलकगण के द्वारा निर्वाह अपने बुलंद हौसले के वजह से हो पाता है। जबकि चालक का जीवन कठिन परिस्थितियों से गुजरता है, ज्यादातर चालक अपना कार्य बहुत ही सतर्कता से करते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो चालक के संजीदगी को नहीं समझते है। दुर्घटना ग्रस्त हो कर भी अपना और संबंधित सवारियों के जान जाने का कारण बन जाता हैं। ऐसे चालक के हौसला अफजाई के लिए एक बार फिर जीवन जागृति सोसायटी द्वारा चालक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन आगामी 30 मार्च को स्थानीय होटल के प्रांगण में किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में वैसे वाहन चालकों को सम्मानित किया जाएगा, जिनके द्वारा पिछले 10 साल में कोई भी बड़ी दुर्घटना ना किया गया हो, वैसे चालकों को चयनित कर उनके हौसला अफजाई करने हेतू सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक रूप में राकेश माही शामिल होंगे।

# राजद ने क्षेत्र में चलाया सदस्यता अभियान

- जिला उपाध्यक्ष डॉ. नैनिका के नेतृत्व में संगठन मजबूती को लेकर चलाया अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज नगर परिषद के ए.के. गोपालन कॉलेज प्रांगण में राजद कार्यकर्ता व सदस्यों के द्वारा संगठन मजबूत बनाने की दिशा में समाज के अंतिम पंती में चल रहे लोगों के बीच शक्ति प्रदान करने की दिशा में सदस्यता अभीयान का शुभारंभ किया है। कार्यक्रम का नेतृत्व नवनिर्वाचित राजद के जिला उपाध्यक्ष डॉ. नैनिका ने की। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजद जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव, महिला प्रदेश महासचिव रिंकू राज, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद यादव, जिला महासचिव शिशिर कुमार सिंह, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव शामिल थे। इस दौरान राजद जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव ने सैकड़ों युवाओं एंव युवतियों को राजद परिवार के सदस्य के रूप में जोडते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में बिहार में 40 सीटों पर जीत हासिल करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। जिससे बिहार में गरीब तबकों के आम लोगों को मजबूती के साथ आगे लेजाने के हर विकसित कार्य योजनाओं का लाभान्वित हो सकें, साथ ही बिहार के युवाओं के उज्जवल भविष्य के मद्देनजर रोजगार गारंटी का लाभ मिल सके, इस उद्देश्य को लेकर आम लोगों के बीच संगठनात्मक रूप से हर तबके के गरीब परिवार के लोगों साथ लाने की मुहिम शुरू की है। इस मौके पर सैकड़ों राजद कार्यकर्ता के साथ साथ अन्य ग्रामीण समर्थक मौजूद थे।

### चार लोगों के हथियारों का हुआ भौतिक सत्यापन

संग्रामपुर (मुंगेर)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को संग्रामपुर थाना परिसर में थाना क्षेत्र के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लाइसेंशी हथियारों का भौतिक सत्यापन किया गया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह शस्त्र दंडाधिकारी अमरजीत कुमार सबरी के मौजूदगी में शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया उन्होंने बताया कि शस्त्र सत्यापन के तीसरे दिन चार लोगों के शस्त्रों की अनुज्ञप्ति का सत्यापन किया गया। मौके पर उपस्थित संग्रामपुर थाना एस आई नवल किशोर यादव ने कहा कि प्रत्येक अनुज्ञप्ति धारकों के लिए शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। शास्त्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य 20 मार्च तक होगा।

# रामा मंडल हत्याकांड का गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए बना चुनौती

- गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने शुरू किया वैज्ञानिक अनुसंधान
- मृतक का मोबाइल उगलेगा हत्याकांड की कहानी

प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर : मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के सारोबाग निवासी राजमिस्त्री रामा मंडल उर्फ राम की अपराधियों ने बड़ी ही बेरहमी से हत्या की है। शव को देखे जाने के बाद परिजनों ने बताया कि रामा को चाकू से गोद-गोद कर हत्या की है। इसके साथ पैर की अंगुली भी काट ली गई है। पुलिस जिसे अज्ञात समझकर रोड एक्सीडेंट की घटना मान कर रही थी। वहीं उसके शव की शिनाख्त होने के बाद रामा मंडल की हत्या करने की बात सामने आई है। शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहरामः रामा मंडल का शव शुक्रवार को सारोबाग पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हर कोई किस तरह की मौत हुई इसकी चर्चा होने लगी। वहीं परिजन इसे साजिश के तहत की गई हत्या का कारण बता रहे हैं। मृतक का मोबाइल खोलेंगे हत्या का राजः मृतक रामा मंडल के पास मोबाइल था। लेकिन मोबाइल का अभी कोई अता पता नहीं चल पाया है। पुलिस के लिए रामा मंडल हत्याकांड की गुत्थी सुलझना चुनौती के सामान है। पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ तकनीकों का प्रयोग करना शुरू कर दिया। मृतक के मोबाइल सीडीआर निकाला जा रहा है। मोबाइल का लोकेशन ट्रेस के साथ ही हत्या के वक्त उपस्थित अपराधी का भी मोबाइल नंबर भी ट्रेस किया जा रहा है। हत्या के पूर्व किससे-किससे बात हुई इसका भी डिटेल्स निकाला जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अवलोकन करेंगे। मृतक की पत्नी की कार्य प्रणाली पर उठ रहे हैं सवालः परिजनों व पड़ोसी की चचाओं को माने तो मृतक की पत्नी का किसी और प्रेम संबंध की चर्चा हो रही है। सोमवार को भी उसकी पत्नी देर शाम प्रेमी के साथ घर पहुंचे।

### डीएम ने ग्रामीण क्षेत्र इलाके का किया दौरा

भागलपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा 158-नाथनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर प्रखंड के कई मतदान केंद्र के मतदाताओं के घरों का परिभ्रमण कर ग्रामीणों के बीच जायजा लेने पहुंचे जहां खासकर बुजुर्ग एवं महिलाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज होने न होने की बात चीत कर जानकारी ली, साथ ही उन्होंने विगत चुनाव में मतदान करने न करने से संबंधित जानकारियां प्राप्त कर क्षेत्र का जायजा लिया। वही उन्होंने उन सबों को आसन्न लोकसभा निर्वाचन में सपरिवार मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# 17 मार्च को जागरूकता रैली का होगा भव्य आयोजन

- आम लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को किया जायेगा जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। बिहार-झारखंड और बंगाल के सभी जिलों के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र इलाके में मतदान करने को लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजित की जायेगी। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर आम लोगों को वोटिंग करने को लेकर प्रेरित करने के साथ साथ जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में 17 मार्च को भागलपुर के सीएमएस हाई स्कूल आदमपुर के प्रांगण से मतदाता भव्य जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली सीएमएस हाईस्कूल से निकल कर घंटाघर के रास्ते से होते हुए माणिक सरकार चौक मार्ग होते हुए पुनः सीएमएस स्कूल प्रांगण पहुंच कर संपन्न होगी। इस दौरान रैली में भाग लेने हेतू आमजनों, संगठन व संस्थाओं से अपील की गई है कि वो इस रैली में जरूर शामिल हों और मतदाताओं को मतदान के लिए उत्साहित करें। यह सामूहिक प्रयास लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मददगार साबित होगी। उक्त आशय की जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान स्थानीय प्रिंट मीडिया के संपादक ने अपने कार्यालय बेस में जानकारी साझा कर दी है।

### पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत निकाली गई प्रभात फेरी

सदर मुंगेर। शुक्रवार को 9 मार्च से 23 मार्च तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय हसनपुर तथा जमालपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय हेरू दियारा में आईटीसी मिशन सुनहरा कल निर्देश संस्था के तत्वाधान में पोषण कार्यक्रम आयोजित की गई। वही कार्यक्रम से पहले विद्यालय के छात्र-छात्रा तथा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका शिक्षक तथा आईटीसी मिशन सुनहरा का निर्देश संस्था के सभी कर्मियों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर क्षेत्र में बभ कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का काम किया ।

# जमालपुर के काली पहाड़ी की मूर्ति खंडित करने की हो उच्चस्तरीय जांच : सपा

गणादेश ब्यूरो

मुंगेर। जमालपुर के प्रसिद्ध काली पहाड़ी स्थित राधा कृष्ण, शिव व हनुमान मंदिर की मूर्ति को बुरी तरह खंडित करने से शहर काफी आक्रोशित है। जिसे लेकर समाजवादी पार्टी नगर इकाई जमालपुर की एक अति आवश्यक बैठक पार्टी के नगर अध्यक्ष पूर्व वार्ड आयुक्त अमर शक्ति की अध्यक्षता में नयागांव में आयोजित की गई। जिसमें काली पहाड़ी स्थित शिवलिंग राधा कृष्ण एवं हनुमान जी की मूर्ति तोड़ने की तीव्र निंदा करते हुए इसके उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अमर शक्ति ने कहा कि काली पहाड़ी स्थित राधा कृष्ण बजरंगबली एवं शिवलिंग की मूर्ति को तोड़कर हमारे आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करने एवं शहर में उन्माद फैलाने की साजिश की बू आ रही है। आखिर किस आतातायियो के द्वारा इस जघन्य ने अपराध को अंजाम दिया गया। प्रशासन अविलंब इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषी को गिरफ्तार करें, अन्यथा पार्टी सड़क पर उतरेगी।

# एक दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। शहरी क्षेत्र के स्थानीय धर्मशाला में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार पटना के द्वारा एक दिवसीय एमएसएमई कॉम्पिटेटिव लिंक योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सहायक निर्देशक संजीव आजाद आई ईडीएस की अध्यक्षता में की। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद पटना के पूर्वी क्षेत्र निदेशक एक सिंह थे तो वही विशिष्ट अतिथि के रूप में खुशबू कुमारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र भागलपुर के आप सिंह थे। इस दौरान बिहार गैस निमार्ता संघ के अध्यक्ष दिनेश पासवान, भारतीय उद्यमी संघ भागलपुर के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, पूर्वी बिहार उद्योग संघ भागलपुर के अध्यक्ष सरवन बाजोरिया, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भागलपुर के अध्यक्ष द्वारा मंचासीन अतिथिगण का स्वागत भागलपुरी सॉल व गुलदस्ता भेंटकर किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजन सह समनवयन कार्यालय के संजीव आजाद आईडी सहायक निदेशक एमएसएमई डीएफओ पटना ने किया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन सभी अतिथिगणों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही पटना के डीएफओ संजीव आजाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में भागलपुर में उद्यमियों के बीच राज्य में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी, साथ ही उन्होंने उद्यमियों एमएसएमई के वैश्विक स्तर पर एमएसएमई कॉम्पिटेटिव लीन योजना द्वारा प्रतिस्पर्धी बनाना एमएसएमई योजना की प्रतीक क्रिया संबंध में विभिन्न जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम में सम्मलित किये जाने को लेकर शुभकामनाएं दी गई थी।

# वार्ड सदस्य की गंगा में डूबने से हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

- पत्नी सहित परिजनों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल
- वार्ड सदस्य अपने पीछे पत्नी पिंकी देवी तथा एक पुत्र तथा दो पुत्री को छोड़ चले

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के सिंघेश्वर टोला निवासी योगेंद्र प्रसाद मंडल के पुत्र वार्ड संख्या 4 के वार्ड सदस्य संतोष कुमार उम्र लगभग 42 वर्ष का शुक्रवार को शाम लगभग 4:00 बजे मनियारचक गंगा घाट पर गंगा में नहाने के दौरान पैर फिसल जाने के कारण अधिक पानी में चले जाने से गंगा में डूबने की सूचना मिली। वहीं सूचना मिलते ही परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी शनिवार की सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम तथा स्थानीय गोताखोर खोजबीन लग गए काफी मेहनत के बाद शव बरामद की गई। वही मौके पर पूर्व मुख्य रविंद्र मंडल, परिजनों को सांत्वना देने का काम किया तथा हर संभव सरकारी सहायता दिलाने की भरोसा दिए। वही मौके पर मुफस्सिल थाना कीपिंग दलबल के साथ पहुंचकर सबको अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल मुंगेर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं मौके पर परिजन सहित उप मुखिया दीपक कुमार, वार्ड सदस्य सदानंद मंडल तथा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुलिस प्रशासन के शिथिलता से अपराध की कई घटनाओं में आईं तेजी, अपराधियों के भय से जनता भयभीत

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। जिले में तीन हत्या और एक रह जाने की घटना से जनता में भय व्याप्त हुआ है आरक्षी अधीक्षक मुंगेर कार्यालय सूत्रों के से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में चार हत्याएं और एक लूट की वारदात की खबर आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के खैर मोड पर एक फाइनेंस कंपनी के एजेंट से 150000 रुपए लूट ली। वहीं श्यामपुर थाना क्षेत्र से एसिड अटैक एवं धारदार हथियार से दामाद की हत्या करने की खबर तथा महिला को एसिड अटैक कर घायल होने का समाचार प्राप्त हुआ है । सूत्र ने बताया कि धराहरा थाना क्षेत्र के चारों बाग गांव के 16 वर्षी छात्र की हत्या तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव के 15 वर्षीय युवक की हत्या कर लाश को बगीचे में फेंक दिया। सूत्रों ने बताया की हवेली खड़गपुर नगर परिषद सीमा क्षेत्र के रमनकाबाद खैर मोड पर दो बाइक सवार चार अपराधियों ने एक फाइनेंस कंपनी के गुलशन कुमार से हथियार का भय दिखाकर 01लाख 50 हजार रुपए लूट लिया। खड़गपुर के प्रशिक्षण ले रहे डीएसपी विकास कुमार ने दावा किया है कि इस लूट कांड का उद्वेदन जल्द कर अपराधियों को गिरफ्तार किए जाएंगे। दूसरी घटना शामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में उसे वक्त हुई जब मनु तुला अपनी पत्नी अमन खातून की बिदागीरी कराने मोहम्मद बबलू उर्फ बशीर के घर गया था और आमना खातून बबलू उर्फ वजीर साल अतुल अल्लाह बकरुद्दीन और सास दुखनी एवं अन्य ने मंटू लल्ला के साथ मारपीट की और कुल्हाड़ी चाकू से वार कर हत्या कर दी मां तू अल्लाह की मां जब घटनास्थल पर गई तो उसके ऊपर एसिड से अटैक कर दिया जिसका इलाज सदर अस्पताल मुंगेर में चल रहा है जब एसपी मुंगेर को एसिड अटैक की जानकारी मिली तो सपा के निर्देश पर एसिड अटैक धाराओं को जोड़ा गया इस संबंध में अभी चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है तीसरी घटना धरहरा थाना क्षेत्र के चारों बाग गांव में स्वर्ग की भोला मंडल के पुत्र गुलशन कुमार की हत्या उसके मित्रों के द्वारा की गई जो इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई चौथी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव संजय यादव का पुत्र 15 वर्षी चंदन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी और सबको बगीचे में फेंक दिया प्रशिक्षण एसपी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है संजय यादव ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार की सुबह 8:00 बजे अपने दोस्त धनंजय और शुभम के साथ गया था।

